Office of the Principal
Government Paluram Dhanania Commerce and Arts College, Raigarh (C.G.)
Affiliated to Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya Raigarh (C.G.)
NAAC Grade “C”
Website- www.gpdcollegeraigarh.com E-Mail – pdcollege.raigarh@gmail.com

Report

Event Name: Career Guidance Workshop

Event Date: 27/09/2021

No. of Participants: 112

Activity Brief: One day Career Guidance Workshop

Was organised by Career Guidance and Placement Cell of P.D. Commerce & Arts College, Raigarh (C.G.). The chief speaker of the program was Mr. Satish Sharma Director and Asistant Director Manish Ojha and Onkar Sahu, Koutilya Academy Raigarh. The program was organized to to create an awareness among the students about various competitive examsof state and Union Government. In all 112 participants attended the workshop and were benefited greatly.

2021/09/27 12:55 Raigarh, Chhattisgarh

Career Guidance
Programme
Date - 27-09-2021
2021/09/27 12:45 Raigarh, Chhattisgarh

2021/09/27 12:55 Raigarh, Chhattisgarh

कॉमर्स कॉलेज में कैरियर गाइडेंस कार्यशाला

रायगढ़। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय पी. डी. वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय के कैरियर गाइडेंस सेल ने आज कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कौटिल्य एकेडमी रायगढ़ के संचालक सतीश शर्मा, सह संचालक मनीष ओझा तथा ओंकार साहू रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. एक्का के स्वागत उद्बोधन से हुई। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे भाग्यशाली हैं कि महाविद्यालय शिक्षा के शुरुआत से ही उन्हें कैरियर निर्माण के लिये उचित मार्गदर्शन मिल पा रहा है। उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए बताया कि किस तरह उचित मार्गदर्शन के अभाव में पीएसी के साक्षात्कार तक पहुंचने के बावजूद उनका चयन नहीं हो सका। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मेहनत करें और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर उनके सपनों को पूरा करें।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कौटिल्य एकेडमी रायगढ़ के संचालक सतीश शर्मा ने बताया कि हमें स्नातक प्रथम वर्ष से ही सिविल सेवाओं की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए ताकि अंतिम वर्ष तक हम परीक्षा में सफल हो सकें। उन्होंने बताया कि दसवीं तक की पाठ्यक्रम अगर विद्यार्थी अच्छी तरह से समझ ले तो बहुत आसानी से पूरे सिलेबस की तैयारी हो सकती है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य बड़ा रखें तो छोटे लक्ष्य अपने आप पूरे हो सकते हैं। उन्होंने कवर्धा, सूरजपुर तथा दंतेवाड़ा के चयनित विद्यार्थियों का उदाहरण देते हुए बताया कि किस तरह मेहनत व दृढ़ इच्छाशक्ति से दूरस्थ अंचल के विद्यार्थी भी आईएएस की परीक्षा में सफल हो सकते हैं। कठिन परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है। पीएससी में सफल होने के लिए यह जानना आवश्यक है कि क्या पढ़ना है व क्या छोड़ना है क्योंकि सोशल मीडिया के युग में पाठ्य सामग्री बड़ी मात्रा में उपलब्ध है। अतः विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन भी आवश्यक है। रायगढ़ अंचल के छात्र छात्राओं को निःशुल्क मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से उनके द्वारा कौटिल्य एकेडमी के माध्यम से निशुल्क कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। कौटिल्य एकेडमी के सह-संचालक मनीष ओझा ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए एसएससी एवं रेलवे की परीक्षाओं में छत्तीसगढ़ की स्थिति से अवगत कराया तथा विद्यार्थियों को बताया कि वह इस क्षेत्र में भी अपने कैरियर का चुनाव कर सकते हैं। एकेडमी के अन्य शिक्षक ओंकार साहू ने भी पीएससी तथा व्यापमं द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी तथा बैंकिंग एवं एसएससी में जाने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को तार्किक योग्यता तथा गणित विषय की तैयारी कैसे करें, इस विषय पर अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने पर बी. ए. के विद्यार्थी भी इन परीक्षाओं में सफल हो सकते हैं। महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक अरुण गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय के प्राध्यापक भी विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देते रहे हैं एवं निकट भविष्य में कैरियर मार्गदर्शन के लिये नियमित कक्षाओं के संचालन की योजना है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक तथा कुल 112 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय कैरियर गाइडेंस सेल की प्रभारी श्रीमती एच. के. पटेल तथा धन्यवाद ज्ञापन सदस्य डॉ. उषा पटेल ने किया।